**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 08.09.2020**

## PUNJAB KESARI

# महिला सम्मान को बनाना होगा शिक्षा का हिस्साः प्रो. दिनेश कुमार

फरीदाबाद, 7 सितम्बर (ब्यूरो): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति, प्रो. दिनेश कुमार ने नई शिक्षा नीति में महिलाओं की भूमिका को परिभाषित करने की आवश्यकता पर बल दिया है,



*वेबिनार को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।*

और कहा है कि समाज में महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने के लिए हमें महिलाओं को सम्मान देने की परंपरा को अपनी शिक्षा प्रणाली का हिस्सा बनाना होगा। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार विश्वविद्यालय की एनएसएस विंग द्वारा भागीदारी जन सहयोग समिति एवं अन्य सहयोगी संस्थानों के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं के खिलाफ अपराध पर रोकथाम को लेकर आयोजित राष्ट्रीय वेबिनार के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। सत्र का संचालन भागीदारी जन सहयोग समिति के महासचिव विजय गौड ने किया। हरियाणा सरकार की महिला केंद्रित नीतियों की चर्चा करते हुए प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि समाज में सुधार लाने में 'बेटी पढाओ, बेटी बचाओ' जैसी जनकल्याणकारी नीतियां महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और इसने लोगों की मानसिकता पर सकारात्मक प्रभाव डाला है।

पंजाब केसरी
ई-पेपर
Tue,08 September 2020
Edition: faridabad kesari, Page no. 3

**NEWS CLIPPING: 08.09.2020**

**THE PIONEER**

# महिला अपराध रोकथाम को लेकर वेबिनार का किया आयोजन

## महिला सम्मान को बनाना होगा शिक्षा का हिस्सा : प्रो. दिनेश कुमार



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**वाईएमसीए** स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. दिनेश कुमार ने नई शिक्षा नीति में महिलाओं की भूमिका को परिभाषित करने की आवश्यकता पर बल दिया है, और कहा है कि समाज में महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने के लिए हमें महिलाओं को सम्मान देने की परंपरा को अपनी शिक्षा प्रणाली का हिस्सा बनाना होगा। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार विश्वविद्यालय की एनएसएस विंग द्वारा भागीदारी जन सहयोग समिति एवं अन्य सहयोगी संस्थानों के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं के खिलाफ अपराध पर रोकथाम को लेकर आयोजित राष्ट्रीय वेबिनार के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। सत्र का संचालन भागीदारी जन सहयोग समिति के महासचिव विजय गौड़ ने किया। हरियाणा सरकार की महिला केंद्रित नीतियों की चर्चा करते हुए प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि समाज में सुधार लाने में 'बेटी पढाओ, बेटी बचाओ' जैसी जनकल्याणकारी नीतियां महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और इसने लोगों की मानसिकता पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। उन्होंने कहा कि समाज में बदलाव लाने के लिए महिलाओं के प्रति लोगों की मानसिकता में बदलना लाना उतना ही महत्वपूर्ण है।

**NEWS CLIPPING: 08.09.2020**

## DAINIK SAVERATIME

# महिला सम्मान को बनाना होगा शिक्षा का हिस्सा : प्रो. दिनेश

### ● महिला अपराध पर रोकथाम को लेकर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन

बल्लभगढ़, 7 सितंबर (संदीप पराशर) : जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति, प्रो. दिनेश कुमार ने नई शिक्षा नीति में महिलाओं की भूमिका को परिभाषित करने की आवश्यकता पर बल दिया है, और कहा है कि समाज में महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने के लिए हमें महिलाओं को सम्मान देने की परंपरा को अपनी शिक्षा प्रणाली का हिस्सा बनाना होगा।




वेबिनार को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार विश्वविद्यालय की एनएसएस विंग द्वारा भागीदारी जन सहयोग समिति एवं अन्य सहयोगी संस्थानों के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं के खिलाफ अपराध पर रोकथाम को लेकर आयोजित राष्ट्रीय वैबिनार के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। सत्र का संचालन भागीदारी जन सहयोग समिति के महासचिव विजय गौड ने किया।

हरियाणा सरकार की महिला केंद्रित नीतियों की चर्चा करते हुए प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि समाज में सुधार लाने में 'बेटी पढाओ, बेटी बचाओ' जैसी जनकल्याणकारी नीतियां महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और इसने लोगों की मानसिकता पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। उन्होंने कहा कि समाज में बदलाव लाने के लिए महिलाओं के प्रति लोगों की मानिसकता में बदलना लाना उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना उन्हें समाज में बराबर का हिस्सा देना।वेबिनार को गुवाहाटी उच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति आर के फुकन, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की संयुक्त सदस्य सचिव डॉ. सुखदा प्रीतम, दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव कंवल जीत अरोडा, महानिदेशक (दूरदर्शन) मयंक अग्रवाल, नागालैंड पुलिस की पुलिस महानिरीक्षक सोनिया सिंह, के. आर. मंगलम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आदित्य मलिक और अरुणाचल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओ.पी. शर्मा ने भी संबोधित किया।

दैनिक सवेरा Tue, 08 September 2020
epaper.dainiksaveratimes.org/c/54795528

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 08.09.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# 2 शिक्षकों को प्रशंसा पत्र प्रदान किया



**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जिला प्रशासन ने कोरोना महामारी के दौरान कठिन परिस्थितियों में छात्रों की पढ़ाई जारी रखने के लिए जेसी बोस यूनिवर्सिटी के प्रयासों की सराहना की है। यूनिवर्सिटी के 2 शिक्षकों को शिक्षण व अध्ययन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए हैं। प्रशासन की तरफ से जिला स्तरीय समारोह में डीसी यशपाल यादव ने यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रफेसर कोमल कुमार भाटिया व सहायक प्रफेसर डॉ. सपना गंभीर को सम्मानित किया। कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग की इस उपलब्धि के लिए दोनों शिक्षकों व विशेष रूप से कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग को बधाई दी है। कोरोना महामारी के दौरान यूनिवर्सिटी में डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा देने में विभाग के प्रयासों की सराहना की।

**NEWS CLIPPING: 08.09.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# महिलाओं की भूमिका पर बल दिया

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जेसी बोस यूनिवर्सिटी की एनएसएस विंग ने भागीदारी जन सहयोग समिति व अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर महिलाओं के खिलाफ अपराध की रोकथाम के लिए वेबिनार का आयोजन किया। सत्र में यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे। सत्र का संचालन भागीदारी जन सहयोग समिति के महासचिव विजय गौड़ ने किया। इस मौके पर कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने नई शिक्षा नीति में महिलाओं की भूमिका को परिभाषित करने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने के लिए हमें महिलाओं को सम्मान देने की परंपरा को अपनी शिक्षा प्रणाली का हिस्सा बनाना होगा।

**NEWS CLIPPING: 08.09.2020**

## DAINIK BHASKAR

# महिला सम्मान को बनाना होगा शिक्षा का हिस्साः प्रो. दिनेश कुमार

फरीदाबाद| जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. दिनेश कुमार ने नई शिक्षा नीति में महिलाओं की भूमिका को परिभाषित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने के लिए हमें महिलाओं को सम्मान देने की परंपरा को अपनी शिक्षा प्रणाली का हिस्सा बनाना होगा। कुलपति विश्वविद्यालय की एनएसएस विंग की ओर से भागीदारी जनसहयोग समिति एवं अन्य सहयोगी संस्थानों के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं के खिलाफ अपराध पर रोकथाम को लेकर आयोजित राष्ट्रीय वेबिनार के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। सत्र का संचालन भागीदारी जन सहयोग समिति के महासचिव विजय गौड़ ने किया। प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि समाज में सुधार लाने में 'बेटी पढाओ, बेटी बचाओ' जैसी जनकल्याणकारी नीतियां महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और इसने लोगों की मानसिकता पर सकारात्मक प्रभाव डाला है।

**NEWS CLIPPING: 08.09.2020**

## AMAR UJALA

# जेसी बोस विश्वविद्यालय के शिक्षकों का सम्मान

फरीदाबाद। जिला प्रशासन ने कोरोना महामारी के दौरान कठिन परिस्थितियों में विद्यार्थियों की पढ़ाई जारी रखने के लिए जेसी बोस विश्वविद्यालय के दो शिक्षकों को प्रशंसा पत्र प्रदान किए। प्रशासन द्वारा आयोजित समारोह में जिला उपायुक्त यशपाल यादव ने विश्वविद्यालय के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. कोमल कुमार भाटिया और कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. सपना गंभीर को सम्मानित किया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने दोनों शिक्षकों को बधाई दी। ब्यूरो